<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–14 सितम्बर 2024</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- केंद्र सरकार ने पोर्ट ब्लेयर का नाम बदल कर श्री विजयपुरम करने का लिया निर्णय, प्रधानमंत्री ने कहा–यह निर्णय अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के बहादुर लोगों और वहां के समृद्ध इतिहास का सम्मान है
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजस्व विभाग के खाली पदों को तत्काल भरने का दिया निर्देश, कहा–आवश्यकतानुसार नये पद भी सृजित किये जाएं
- यूपी बोर्ड ने दसवीं और बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए परीक्षा शुल्क और ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि में किया बदलाव
- प्रदेश में आज बारिश से हल्की राहत, अगले दो दिनों तक मौसम विभाग ने जताया है बारिश का पूर्वानुमान
- आज प्रदेश भर मनाया जा रहा है हिंदी दिवस

**********

केंद्र सरकार ने अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में पोर्ट ब्लेयर का नाम बदलकर श्री विजयपुरम करने का निर्णय लिया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि सरकार ने देश को औपनिवेशिक प्रतीकों से मुक्त करने का निर्णय लिया। श्री विजयपुरम भारत के स्वतंत्रता संग्राम में मिली जीत का प्रतीक है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि श्री विजयपुरम नाम अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के बहादुर लोगों और वहां के समृद्ध इतिहास का सम्मान है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि पोर्ट ब्लेयर का नाम श्री विजयपुरम करने का निर्णय एक सौ चालीस करोड़ भारतवासियों की भावना के अनुरूप है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लेखपाल, राजस्व निरीक्षक, नायब तहसीलदार और लिपिक संवर्ग के सभी पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया तत्काल शुरू करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया है। लखनऊ स्थित आवास पर कल एक उच्चस्तरीय बैठक में उन्होंने राजस्व विभाग के कामकाज और उपलब्ध मानव संसाधन की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग और राजस्व परिषद में काम के बदलते स्वरूप और अधिकता को देखते हुए कुशल युवाओं की तैनाती की जाए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आय, जाति और निवास प्रमाण पत्रों से लेकर नामांकन, पैमाइश, घरौनी और खतौनी जैसे महत्वपूर्ण प्रकरणों का समय से निस्तारण हो सके, इसके लिए न केवल रिक्त पदों पर नियुक्ति की जाए, बल्कि आवश्यकतानुसार नये पद सृजित भी किये जाएं।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ के डॉक्टर राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के चौथे स्थापना दिवस समारोह में हिस्सा लिया। उन्होंने चिकित्सा–शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट काम करने वाले लोगों को सम्मानित भी किया।

***आज उत्तर प्रदेश चप डिस्टिक वन मेडिकल कॉलेज की दिशा में तेजी के साथ आगे बढ़ रहा है और पहली बार केन्द्र और राज्य सरकार पीपीटी मोड पर ही मेडिकल कॉलेज बनाने की कार्रवाई को आगे बढ़ाई है। चार ऐसे मेडिकल कॉलेजेज में सत्र में एडमीशन के सत्र में एडमिशन हुए, 6 अन्य मेडिकल कॉलेज में एडमीशन हुए। अगले पांच–सात वर्षो के अन्दर डॉक्टर क कमी नहीं रहेगी। प्रधानमंत्री मोदी जी का जो विजन है उसके रूप आज हम वन डिस्टिक वन मेडिकल कॉलेज की तरफ तो बढ़ ही चुके है, लेकिन पर्याप्त मात्रा में चिकित्सक मिलेंगे, पीएससी के लिये मिलेंगे, सीएचसी के लिये मिलेंगे। हमें यहां पर अच्छे विशेषज्ञ चिकित्सक भी मिलेंगे।***

**********

माध्यमिक शिक्षा परिषद ने सत्र दो हजार चौबीस पचीस के दसवीं और बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए परीक्षा शुल्क और ऑनलाइन आवेदन करने अंतिम तिथि में संशोधन किया है। परिषद के सचिव भगवती सिंह ने बताया कि विलंब शुल्क के साथ परीक्षा शुल्क जमा करने की आखिरी तारीख बीस सितम्बर दो हजार चौबीस हो गई है। पच्चीस सितम्बर की रात बारह बजे तक ऑनलाइन शैक्षिक विवरण अपलोड किये जा सकते हैं। छब्बीस से तीस सितम्बर तक विवरण की जांच की जायेगी। इसमें किसी भी प्रकार की त्रुटि होने पर एक से पांच अक्टूबर तक संशोधन किया जा सकेगा।

परिषद ने कक्षा नौवीं और ग्यारहवीं के संस्थागत अभ्यर्थियों के पंजीकरण शुल्क और ऑनलाइन पंजीकरण की तिथियों में बदलाव किया है। अब यह विद्यार्थी भी बीस सितम्बर को रात बारह बजे तक अग्रिम पंजीकरण शुल्क जमा कर के अपना विवरण ऑनलाइन अपलोड कर सकते हैं।

**********

प्रदेश के विभिन्न जिलों में आज बारिश से हल्की राहत मिली है, हांलाकि मौसम विभाग ने प्रदेश में अगले दो दिनों तक बारिश का अलर्ट जारी किया है। कई जिलों में कल दिन भर हुई वर्षा के कारण जनजीवन अस्त व्यस्त रहा और पठन पाठन प्रभावित हुआ। हमारे पीलीभीत प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट–

***पीलीभीत में शुक्रवार शाम तक मूसलाधार बरसात होने से जनजीवन प्रभावित रहा। रात से बरसात तो रुक गई परंतु बाढ़ का पानी शहर की निचली बस्तियों तक आ गया है। कई इलाकों में बिजली आपूर्ति अभी भी बाधित है। तेज हवाओं के साथ बारिश होने से धान और गन्ने की फसल को भारी नुकसान हुआ है। बनबसा बैराज से शारदा नदी में 4 लाख  क्यूसेक से अधिक पानी छोड़े जाने से नदी का जलस्तर काफी बढ़ गया है। इससे ट्रांस शारदा क्षेत्र में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। राहुल नगर, चंदिया हजारा और खिरकिया बरगदिया सहित कई गांवों में पानी घुस गया है। एक लाख से अधिक की आबादी का संपर्क जिले से कट गया है। जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा करके जायजा लिया और जरूरी व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने के निर्देश स्थानीय प्रशासन को दिए हैं। सतीश मिश्र आकाशवाणी समाचार पीलीभीत।***

मौसम विभाग के पूर्वानुमान को देखते हुए प्रदेश के कई जिलों में आज भी कक्षा आठवीं तक के स्कूल बंद रखने के निर्देश दिये गये हैं। इस बीच, मुख्यमंत्री कार्यालय ने कहा है कि प्रदेश में अब तक बाढ़ से सत्रह लोगों की मृत्यु हुई है। सभी मृतकों को परिजनों को चार चार लाख रुपये की सहायता राशि दी गई है। कार्यालय के अनुसार तीस पशुओं की हानि हुई है और तीन हजार छप्पन मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। इनके सापेक्ष सभी प्रभावितों को सहायता राशि वितरित की जा चुकी है।

**********

देशभर में 17 सितम्बर से दो अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जाएगा।  इस अभियान के लिए इस वर्ष का विषय है– स्वभाव स्वच्छता–संस्कार स्वच्छता।

केंद्रीय आवासन और शहरी मामलों के मंत्री, मनोहर लाल खट्टर ने कल इस अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम में नई दिल्ली से घोषणा की कि सरकार इस वर्ष के स्वच्छता अभियान के अंतर्गत दो लाख स्वच्छता लक्ष्य इकाइयों–सीटीयू को बदल देगी।

प्रदेश के नगर विकास विकास मंत्री एके शर्मा भी कल लखनऊ से वर्चुअल माध्यम से इस कार्यक्रम से जुड़े। उन्होंने नगरीय क्षेत्रों में स्वच्छता को लेकर की जा रही तैयारियों के बारे में जानकारी दी। इस बीच, केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने विशेष स्वच्छता अभियान की प्रगति की निगरानी के लिए कल वेब पोर्टल भी शुरू किया ।

**********

ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में आयोजित तीन दिन का सेमीकॉन इंडिया दो हजार चौबीस कल संपन्न हो गया। इसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। पेश है एक रिपोर्ट–

***प्रधानमंत्री का दृष्टिकोण भारत को सेमीकंडक्टर डिजाइन, विनिर्माण और प्रौद्योगिकी विकास के लिए एक वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करना है। इस दृष्टिकोण के अनुरूप, सेमीकॉन इंडिया 2024 का आयोजन किया गया था। सम्मेलन में भारत की सेमीकंडक्टर रणनीति का प्रदर्शन किया गया, जिसमें भारत को सेमीकंडक्टर के लिए एक वैश्विक केंद्र बनाने की परिकल्पना की गई है। आकाशवाणी समाचार से बात करते हुए सेमीकंडक्टर इक्विपमेंट एंड मटेरियल्स इंटरनेशनल के अध्यक्ष और सेमी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अजीत मनोचा ने कहा कि सेमीकॉन इंडिया 2024 किसी भी देश में आयोजित सबसे सफल और सबसे बड़ा सेमीकॉन है। उन्होंने कहा कि सेमीकंडक्टर क्षेत्र के सौ से अधिक मुख्य कार्यकारी अधिकारियों ने इसमें भाग लिया।***

***भारत की गवर्नमेंट ने जो पॉलिसी अनाउंस करी है वो भी बड़ी महत्वपूर्ण है बल्कि बड़ा यूजफुल है कि फोरन कन्ट्रीज जो दूसरी कम्पनी आकर यहांपर अपना यूनिट्स खोलेंगे। उसका नतीजा ये होगा कि हमने विद इन दो साल में पांच यूनिट्स, मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स अनाउंस हो चुकी हैं। सम्मेलन में 250 से अधिक प्रदर्शकों और 150 वक्ताओं ने भाग लिया। अनुपम मिश्रा, आकाशवाणी समाचार, ग्रेटर नोएडा।***

इस मौके पर उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधि ने बताया कि राज्य में जेवर के पास एक हजार एकड़ में सेमीकंडक्टर पार्क और नोएडा में नए हवाई अड्डे के साथ तेजी से बुनियादी ढांचे का विकास किया जा रहा है।

**********

आज हिंदी दिवस है। वर्ष उन्नीस सौ उन्चास में आज ही के दिन भारत की संविधान सभा ने हिंदी को देश की औपचारिक भाषा का दर्जा दिया था। इस मौके पर प्रदेश के विभिन्न जिलों में अलग अलग कार्यक्रमों के आयोजन किये जा रहे हैं। लखनऊ स्थित हिंदी संस्थान में आज एक संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हिंदी दिवस की बधाई दी है। अमरोहा जिले में आज इस मौके पर विश्व हिंदी मंच द्वारा आयोजित कार्यक्रम में केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान बतौर मुख्य अतिथि हिस्सा ले रहे हैं।

**********